>

Title: Need to convert meter gauge railway lines from Sitapur to Sahajanpur, Sitapur to Lucknow and Sitapur to Lakhimpur into broad gauge.

श्रीमती कैसर जहां (सीतापुर): मेरे लोक सभा क्षेत्र सीतापुर से शाहजहांपुर, सीतापुर से लखनऊ एवं सीतापुर से लखीमपुर के लिए रेलवे की मीटरगेज लाईन होने के कारण यहाँ की जनता को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है साथ ही धन एवं समय का अपव्यय होता है। सीतापुर में रेल की सुगमता नहीं होने के कारण यह क्षेत्र औद्योगिक रूप से अत्यंत पिछड़ा हुआ है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि सीतापुर-शाहजहांपुर, सीतापुर-लखनऊ एवं सीतापुर- लखीमपुर के लिए रेल यात्रा सुगम बनाने हेतु रेलवे की मीटर गेज लाइन को ब्रॉडगेज लाइन में बदले जाने हेतु शीघ्र अति आवश्यक कार्यवाही की जाय। यह जनहित में अति आवश्यक है।